# कार्यालय-जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिद्धार्थनगर

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/ 3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनॉक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जनपद सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत संचालित बाल विकास परियोजना शहर (नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर), मिठवल, जोगिया, खेसरहा, बढनी, भनवापुर, खुनियांव, नौगढ, इटवा, बॉसी, लोटन, शोहरतगढ, डुमरियागंज, बर्डपुर, उसकाबाजार में ऑगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर चयन हेतु विभागीय वेबसाइड https://upanganwadibharti.in पर पात्र महिला अभ्यर्थिनियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विकास खण्ड/परियोजनावार विवरण निम्नवत है–

| क्र0 स0 | परियोजना का नाम | रिक्त पदों का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पदों की श्रेणी | | | | | योग कालम (5+6–7+8+9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | पिछडी जाति | अनु0 जाति | अनु0 जन जाति | ई0 डब्लू0 एस0 | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | मिठवल | आंगनबाडी कार्यकत्री | 12 | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 12 |
| 2 | जोगिया | आंगनबाडी कार्यकत्री | 25 | 11 | 6 | 6 | 0 | 2 | 25 |
| 3 | खेसरहा | आंगनबाडी कार्यकत्री | 13 | 4 | 5 | 3 | 0 | 1 | 13 |
| 4 | बढ़नी | आंगनबाडी कार्यकत्री | 14 | 6 | 2 | 5 | 0 | 1 | 14 |
| 5 | भनवापुर | आंगनबाडी कार्यकत्री | 14 | 5 | 4 | 4 | 0 | 1 | 14 |
| 6 | खुनियॉव | आंगनबाडी कार्यकत्री | 25 | 5 | 10 | 7 | 0 | 3 | 25 |
| 7 | नौगढ़ | आंगनबाडी कार्यकत्री | 28 | 20 | 2 | 4 | 0 | 2 | 28 |
| 8 | शहर | आंगनबाडी कार्यकत्री | 19 | 7 | 6 | 4 | 0 | 2 | 19 |
| 9 | इटवा | आंगनबाडी कार्यकत्री | 15 | 6 | 3 | 5 | 0 | 1 | 15 |
| 10 | बांसी | आंगनबाडी कार्यकत्री | 13 | 2 | 4 | 6 | 0 | 1 | 13 |
| 11 | लोटन | आंगनबाडी कार्यकत्री | 9 | 4 | 2 | 2 | 0 | 1 | 9 |
| 12 | शोहरतगढ़ | आंगनबाडी कार्यकत्री | 9 | 2 | 2 | 4 | 0 | 1 | 9 |
| 13 | डुमरियागंज | आंगनबाडी कार्यकत्री | 71 | 27 | 22 | 15 | 0 | 7 | 71 |
| 14 | बर्डपुर | आंगनबाडी कार्यकत्री | 33 | 13 | 12 | 6 | 0 | 2 | 33 |
| 15 | उसकाबाजार | आंगनबाडी कार्यकत्री | 12 | 4 | 6 | 1 | 0 | 1 | 12 |
| | | **योग** | **312** | **122** | **90** | **73** | **0** | **27** | **312** |

**आवेदन करने की अन्तिम तिथि :–**

विज्ञापित पद ऑगनबाडी कार्यकत्री के लिए हैं। रिक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विस्तृत विवरण जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय एवं विभागीय वेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर देखा जा सकता है। रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 06.11.2024 है।

**शैक्षिक योग्यता :–**

1. आंगनबाडी कार्यकत्री के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टर मीडिएट या उसके समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**आयु सीमा :–**

1. ऑगनबाडी कार्यकत्री पद हेतु कट ऑफ दिनॉक 01.07.2024 को आवेदिका की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष व अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी।
2. आयु के सम्बन्ध में आवेदिका की शैक्षिक अभिलेख (हाई स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र) में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

**चयन हेतु पात्रता/अर्हता :–**

(क) सीधी भर्ती हेतु ऑगनबाडी कार्यकत्री के पद पर चयन में निम्नानुसार वरीयता दी जायेगी।

1. सर्वप्रथम उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासिनी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला।
2. विधवा महिला उपलब्ध न होने की दशा में उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासिनी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधिक तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला।
3. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला अभ्यर्थिनी के न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला।

(ख) उपरोक्तानुसार कोई महिला अभ्यर्थिनी न मिलने पर उपरोक्त वरीयता क्रम में ही–

1. सर्व प्रथम उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासिनी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला।
2. विधवा महिला उपलब्ध न होने की दशा में उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासिनी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की विधिक तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला।
3. गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला अभ्यर्थिनी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड की गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।

(ग) उसी ग्राम सभा में उपरोक्त किसी भी श्रेणी में अर्ह/पात्र महिला अभ्यर्थिनी उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित न्यायपंचायत में से उपरोक्तानुसार ही श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

(घ) विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति मान्य होगी।

(च) तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा. न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

(छ) ऑगनबाडी कार्यकत्री पद हेतु उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासिनी होना अनिवार्य होगा।

(ज) आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन ऑन लाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑन लाइन सत्यापन सम्भव हो। (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का आय प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा)

(झ) निवास व जाति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

(ट) एक ऑगनबाडी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति ऑगनबाडी कार्यकत्री व सहायिका के पद पर नहीं की जायेगी।

(ठ) एक से अधिक ऑगनबाडी केन्द्रों/पदों पर आवेदिका द्वारा किये गये आवेदन मान्य नहीं होंगे।

**आरक्षण:–** ऑगनबाडी कार्यकत्री की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडी जाति तथा अर्थिक रूप से कमजोर वर्गो हेतु समय–समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण से सम्बन्धित शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा तथा चयन प्रक्रिया के समय प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष विकलॉग वर्ग को 03 प्रतिशत व स्वतंत्रता सग्राम सेनानी के आश्रितों को 2 प्रतिशत के निर्धारित आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। आरक्षण सम्बन्धी लाभ हेतु सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

**आवेदन पत्र प्राप्ति प्रक्रिया :–**

1. आवेदन पत्र विभागीय वेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फार्मेट पर केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य होगा। आवेदिका द्वारा अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की स्व–हस्ताक्षरित प्रति जो कि स्वच्छ व पठनीय हो अपलोड की जायेगी। कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा स्वीकार नहीं होंगे।
2. यदि अभ्यर्थिनी द्वारा आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आकडे/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जायेंगे तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
3. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार्यालय तथा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिद्धार्थनगर से कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सिद्धार्थनगर

पत्रांक–C–834/जि.का.अधि./चयन विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक–16.10.2024